## सार-समाचार

### गोगा नवमी महोत्सव का समापन

**पाटन** (निसं)। गोगा नवमी के पावन अवसर पर ऐतिहासिक ग्राम घाटा (चिपलाटा) में स्थित श्री मोकाजी महाराज की तपोस्थली पर एक भव्य एवं दिव्य मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन लोक आस्था के अद्वितीय प्रतीक के रूप में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बन गया।इस पवित्र स्थल पर आसपास की दर्जनों पंचायतों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और श्री मोकाजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लेकर धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।कार्यक्रम की विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री एवं सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश सह-संयोजक वीरांगना कविता सामोता ने शिरकत की। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा,श्री मोकाजी महाराज का यह पावन धाम लगभग 900 वर्षों पुराना है। यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि जन-जन की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। जनश्रुति के अनुसार, एक माता की कोख से सर्प और बालक का एक साथ जन्म हुआ था, और जब सर्प को मारा गया, तब बालक की भी मृत्यु हो गई। तभी से यह स्थल चमत्कारी मान्यता के साथ पूजनीय बना हुआ है। यहां सर्पदंश सहित कई असाध्य रोगों का इलाज संभव माना जाता है।इस आध्यात्मिक आयोजन में परम पूज्य बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज (दाऊधाम कालाकोटा) ने पधारकर समस्त श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यक्रम में दर्जनों पूज्य संतों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा हजारों भक्तों की भागीदारी रही।

### वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

**पाटन** (निसं)। सोमवार को राजस्थान ग्रामीण बैंक गावड़ी एवं आरोह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एम एल कुलदीप ने सरकार द्वारा चलाई जा रही है विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।शाखा प्रबंधक राहुल शेखावत ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति बीमा योजना अटल पेंशन योजना इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया एवं लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने को कहा। आरोह फाउंडेशन से वित्तीय परामर्शदाता राकेश सिंह ने साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में विस्तार से बताया एवं अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। अंत में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमित शंभू दयाल की कुछ महीना पहले बीमारी से मृत्यु हो गई थी उनकी नॉमिनी उनकी पत्नी संतोष देवी को दो लाख रुपए का चेक दिया गया, एवं 26 खातों का री केवाईसी किया गया।

### शिक्षक पीपलवा जिला स्तर पर सम्मानित

**रतनगढ़** (निसं)। चूरू के पुलिस लाईन में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में तहसील के गांव नोसरिया की राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षक पंकज पीपलवा को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। भामाशाह प्रेरक व विद्यालय एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सराहनीय कार्य करने पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सारण, पुलिस अधीक्षक जय यादव सहित मंचस्थ अतिथियों ने शिक्षक पीपलवा का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जिला स्तर पर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शिक्षक पीपलवा ने उत्कृष्ट शिक्षा अध्यापन कार्य के साथ-साथ भामाशाह को प्रेरित कर विद्यालय में कक्षा-कक्ष व शौचालय निर्माण, ट्यूबेल, इन्वेटर, पंखे सहित आवश्यक जरूरतों को पूरा करना, जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए अध्ययन सामग्री, स्कूल बैग, विद्यालय पोशाक, सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर, जूते सहित अनेक अध्यापन से जुड़ी सामग्रियों से जरूरतमंद छात्रों को लाभांवित करवाया है।

### कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**रतनगढ़** (निसं)। मावलियों के मोहल्ले में स्थित श्री धोली शक्ति व श्री संपत शक्ति मंदिर प्रांगण में शनिवार को श्री संपत शक्ति प्रचार समिति के तत्वावधान में श्री कृष्णा बनो प्रतियोगिता का आयोजन कर श्री कृष्ण जन्मोत्सव उत्साह से मनाया। इस मौके पर आर्या पब्लिक स्कूल के 31 छात्रों ने भगवान श्री कृष्ण राधा बनकर सामूहिक नृत्य गान कर प्रस्तुति दी ।कृष्ण बनो निर्णायक मंडल की ममता शर्मा, पायल मिश्रा व मनीषा शर्मा ने सभी बच्चों को पुरस्कार दिया।कार्यक्रम को अंबिका प्रसाद शर्मा कृष्णकुमार सराफ ,पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार प्रकट किया।मंचस्थ अतिथियों का माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम में पंडित दीपक कुमार सिवाल, महेश कुमार सराफ, कृष्णकुमार सराफ, राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ओम सारस्वत, श्याम सैनी सहित अनेक गणमान्य जन धर्म श्रद्धालु महिलाए उपस्थित थी।

### बच्चों को निःशुल्क जूते-जुराब वितरित

**पाटन** (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सरोकार का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भामाशाह राकेश कुमार बंसल (निवासी जयपुर) ने आज महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रायपुर पाटन में अध्ययनरत सभी 300 विद्यार्थियों को निशुल्क जूते एवं जुराबें वितरित किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं, ऐसे में यह पहल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। निशुल्क जूते व जुराब प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने भामाशाह राकेश कुमार बंसल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक महावीर प्रसाद सैनी, पूरणमल सैनी सहित अनेक गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नियन्त्रण कक्ष स्थापित

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भावना शर्मा ने बताया कि 25 अगस्त से 16 सितम्बर 2025 तक जिला खेल स्टेडियम सीकर में सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। सेना भर्ती रैली की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के संबंध में निस्तर सभी विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही का पर्यवेक्षण एवं सेना भर्ती अधिकारियों को आने वाली समस्याओं आदि के विभागों से समन्वय बनाये रखने तथा भर्ती संबंधी कोई भी तात्कालिक कार्य करवाने के लिये जिला खेल स्टेडियम में एक नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियन्त्रण कक्ष के प्रभारी प्रकाश राम जिला खेल अधिकारी सीकर होंगे जिनके मो. 9461091093 है। सेना भर्ती की व्यवस्थाओं में लगे कार्मिको के मोबाईल नम्बर नियन्त्रण कक्ष में उपलब्ध कराया जावेगा। नियन्त्रण कक्ष सेना भर्ती के दौरान रात्रि 2 बजे से दौड समाप्ति तक प्रतिदिन कार्यरत रहेगा।

### चोरों पांच घरों को निशाना बनाया

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ में चोरों ने आतंक मचाते हुए बीती रात पांच घरों को निशाना बनाया। इनमें से चार घरों में, जिनमें वार्ड नंबर 35 के पार्षद मांगीलाल प्रजापत का घर भी शामिल है, वे सेंध नहीं लगा पाए क्योंकि घरवाले जाग गए और उन्हें मौके से भागना पडा। अन्य पीडित महेंद्र भार्गव, बिड़दाराम प्रजापत, और ताराचंद माली हैं। लेकिन, हनुमान राम जाट के घर से चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने और करीब आठ हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चौंकाने वाली बात यह है कि जब यह चोरी हुई, तब हनुमान राम के बेटे और बहू उसी कमरे में सो रहे थे। चोरी का खुलासा सुबह हुआ, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पर एसआई रामनिवास ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। स्थानीय निवासी दिनेश प्रजापत ने बताया कि उन्होंने बाइक पर सवार चोरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे भागने में सफल रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**झुंझुनूं**, (निसं)। सीएलसी हाई स्कूल झुंझुनूं में सीएलसी परिवार द्वारा परम पूज्य गुरुदेव पंडित हरिनाथ जी चतुर्वेदी के 101वें जन्मदिवस के अवसर पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुदेव को शत-शत नमन करते हुए विद्यालय परिवार एवं उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों और शिक्षाओं को याद किया। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानवता की सेवा का संदेश दिया। सीएलसी परिवार ने बताया कि गुरुदेव का जीवन समाज सेवा और शिक्षा को समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनके आदर्शों का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। रक्तदान शिविर के इस अवसर पर समस्त सीएलसी परिवार उपस्थित रहा।

# 'जिले के सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे और डिजिटल रजिस्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए'

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बाल संरक्षण से जुड़ी त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं नशा मुक्ति अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने पूर्व में दिए गए निर्देशों की विस्तार से समीक्षा करते हुए औषधि नियंत्रक अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे और डिजिटल रजिस्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मादक पदार्थों के सेवन पर रोक लगाने के लिए औषधि नियंत्रक एवं आबकारी विभाग को समन्वय कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में बाल संरक्षण के अंतर्गत जिले के सभी प्रमुख अस्पतालों में पालनागृह स्थापित करने के लिए मेडिकल विभाग को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिये कि श्रम विभाग पॉक्सो एक्ट के तहत गठित टास्क फोर्स की नियमित बैठकें आयोजित करें।



सीकर में बाल कल्याण समिति एवं नशा मुक्ति अभियान की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले के 800 कुपोषित व अति-कुपोषित बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग को आगामी बैठक में अति-कुपोषित बच्चों की सूची प्रस्तुत करने व आवश्यकतानुसार उन्हें पीएचसी में रेफर कर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित किया कि विद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित हो तथा कचरा बीनने वाले बच्चों की पहचान कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए ताकि कोई भी बच्चा नशे की लत में न पड़े।

उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को सभी नगर निकायों में मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की निगरानी करने व निर्देशों की अवहेलना करने वाले मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, अवैध शराब की बिक्री पर साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार कर जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीनारायण देवन्दा को कार्यवाही के लिए सौंपने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि नाबालिगों को शराब या नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए और इसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) भावना शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर राजपाल यादव, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रियंका पारीक, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अकुर बहड, बिहारी लाल बालान, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सरोज, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शेखावत, उपनिदेशक महिला बाल विकास सुमन पारीक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक महरिया, चाईल्ड हेल्प लाईन कार्डिनेटर राहुल दानोदिया, बाल संरक्षण अधिकारी अनीता, वरिष्ठ सहायक बाल अधिकारिता विभाग अजय ढाका, परामर्शदाता फुलचन्द गर्जर सहित संबंधित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### पांच दिवसीय ई-कॉन्टेंट निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को पांच दिवसीय ई-कॉन्टेंट निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाईट प्राचार्य गोविंद सिंह राठौड़ ने नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में डिजिटल लिटरेंसी और ई-कॉन्टेंट निर्माण को समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए कहा कि डिजिटल टूल्स को शिक्षकों द्वारा अपनाया जाना बच्चों को सहभागी और रचनात्मक अधिगम की ओर ले जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ईटी प्रभाग अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इस कार्यशाला में निर्मित ई-कंटेंट राष्ट्रीय-स्तर के दीक्षा पोर्टल व राज्य स्तरीय प्लेटफार्म पर प्रकाशित होगा। राज्य संदर्भ व्यक्ति व प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा में तकनीक का समुचित उपयोग विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशलों की जानकारी देगा। पांच दिवसीय इस कार्यशाला में ओईआर व लाइसेंसिंग, दीक्षा पोर्टल, साइबर सुरक्षा, ऑडियो-वीडियो एडिटिंग, एनीमेशन, वर्चुअल लैब, भुवन पोर्टल और एच फाईव पी पर आधारित इंटरैक्टिव कंटेंट जैसे विषयों पर संसाधन व्यक्ति शिक्षकों का मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कुसुम शेखावत, उमा सारस्वत व शिवकुमार शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किये।

### मंदिर का पूर्व पुजारी चढ़ा सूरजगढ़ में पानी की टंकी पर

**सूरजगढ़,** (निसं)। कस्बे में केस मुकदमों से परेशान एक व्यक्ति पानी की टंकी पर चढ गया। जिसे काफी मशक्कत के बाद नीचे उतारा गया। जानकारी के मुताबिक भूडनपुरा निवासी नगेंद्र शर्मा सहित पूर्व पालिका उपाध्यक्ष विश्वनाथ पुजारी व नगेंद्र शर्मा के ही परिवार के सदस्यों पर 2019 में पोक्सो की धाराओं में एक मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में नगेंद्र शर्मा खुद को निर्दोष और षडयंत्र का शिकार बताते हुए उसने कोर्ट की लडाई लडी और 2021 में हाईकोर्ट से मामला निपट भी गया। लेकिन नगेंद्र शर्मा का आरोप है कि मंड्रेला निवासी राजेंद्र नाम का व्यक्ति उसके पीछे पड़ा हुआ है। उसने उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी तंत्र विद्या और झांसे में लेकर लगातार उसे पर मुकदमे दर्ज करवा रहा है। करीब छह महीने पहले भी उस पर एक और पोक्सो का मामला दर्ज करवाने का षडयंत्र रचा गया। लेकिन नगेंद्र शर्मा की सतर्कता के कारण वो दर्ज नहीं हो पाया। नगेंद्र शर्मा ने बताया कि राजेंद्र के खिलाफ उसने पुलिस को शिकायतें और कई सबूत दे रखे है। लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। वहीं आए दिन राजेंद्र, अलग-अलग लोगों से उसके खिलाफ झूठी शिकायतें और मुकदमे दर्ज करवा रहा है। इससे परेशान होकर वह सोमवार को पानी की टंकी पर चढ गया। बताया जा रहा है कि नगेंद्र ने दो-तीन दिन पहले भी झुंझुनूं एसपी को फोन पर अपनी पीड़ा बताई थी। लेकिन कोई सुनवाई ना होने से नाराज नगेंद्र सोमवार को सूरजगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर 14 में पीएचईडी की पानी की टंकी पर चढ गया और न्याय की गुहार लगाने लगा। सूचना पर सूरजगढ़ पुलिस पहुंची और करीब एक घंटे की समझाइश के बाद नगेंद्र को टंकी से नीचे उतारा गया। नगेंद्र ने पुलिस को भी न्याय दिलाने की मांग की और कहा कि जब तक वह अपनी न्याय की लडाई नहीं जीत जाता। तब तक लड़ता रहेगा।

आपको बता दें कि नगेंद्र शर्मा पहले सूरजगढ कस्बे में ही प्रसिद्ध ढांढणिया मंदिर में पुजारी था। लेकिन 2019 में जब सीकर में दर्ज जीरो एफआईआर के आधार पर पोक्सो के मामले में फंसा तो उसने मंदिर में पुजारी का काम छोड़ दिया। दो साल वह पुलिस और कोर्ट में खुद को निर्दोष साबित करने के लिए लड़ाई लड़ी। लेकिन 2021 में जब वह पोक्सो के मामले से निकल गया तो भी उसे लगातार परेशान किया जा रहा है।

# भामाशाह छत्रसिंह बोथरा ने छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से कस्बे के भामाशाह छत्रसिंह बोथरा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली 150 छात्र-छात्राओं को 4-4 कॉपी पेन उपलब्ध करवाए गए।

पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के व्याख्याता रिखाराम तालणिया, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, शिव भगवान सोनी, विनोद भाटिया, मदन दाधीच के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजलदेसर कस्बे के सभी छात्र-छात्राओं ने युवा भारती स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया उन सभी को नोडल अधिकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवा दी गई। इस अवसर पर युवा विकास समिति की ओर से बेस्ट कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को उच्च क्वालिटी की पानी की बोतल उपलब्ध करवाई इसके अलावा कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन करने वाले रिखाराम तालनिया, जय सिंह बारहठ का भी सम्मान किया गया इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार एवं राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल ने भामाशाह छत्र सिंह बोथरा का आभार जताते हुए कहा कि आपके द्वारा राजलदेसर कस्बे में लगातार जिस तरह से सामाजिक सरोकार में सहयोग किया जा रहा है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है साथ ही राजलदेसर कस्बे में इसी तरह सहयोग करने की कामना की।



कस्बे के भामाशाह छत्रसिंह बोथरा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली 150 छात्र-छात्राओं को कॉपी पेन उपलब्ध करवाए।

### छात्राओं के लिए निःशुल्क बस लगाई

**तारानगर** (निसं)। शान्ति देवी कंदोई चैरिटेबल ट्रस्ट के निरंजनलाल कन्दोई ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए तारानगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास को निशुल्क बड़ी बस भेंट की। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। अब छात्रावास से विद्यालय तक छात्राओं का आना-जाना इसी बस से होगा, जिससे उन्हें काफी राहत मिलेगी। भामाशाह कंदोई ने अनिल सगतानी की प्रेरणा से यह बस उपलब्ध करवाई हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ ने इस नेक कार्य के लिए वीसी के माध्यम से निरंजनलाल कंन्दोई का आभार व्यक्त किया तो वहीँ सीबीईओ बबलेश शर्मा ने इसे छात्राओं के लिए बड़ी सौगात बताते हुए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। सीबीईओ शर्मा ने बताया कि विद्यालय की दूरी अधिक होने के कारण छात्राओं को आने-जाने में कठिनाई होती थी। अब यह बस छात्राओं को प्रतिदिन छात्रावास से विद्यालय तक सुरक्षित पहुंचाने का कार्य करेगी।

# माँ टिडा गेला दादी के 48वें वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या आयोजित

**चूरू** (निसं)। चांदनी चौक स्थित बजाज गेस्ट हाउस में मां टिडा गेला दादी के 48 वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ रविवार देर शाम दादी की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान गायक कलाकार मूलचंद बजाज ने किसने किया तेरा श्रृंगार, जब गूंजे दादी तेरा जयकारा, तो सिंहासन हिल जाए., दादी थारो चांद सरिसो मुखडो जैसे भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने अखण्ड ज्योत से दादी को रिझाया। इस अवसर पर मण्डल के पदाधिकारियों ने गायक कलाकारों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान बडी संख्या में महिला-पुरूष सहित शहर के गणमान्य जनों ने भजन संध्या आनंद उठाया।



चूरू में मां टिडा गेला दादी के 48 वें वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या का शुभारंभ किया गया।

### प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट की

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान में मंदिर पुजारियों की समस्याओं को लेकर जो संवेदनशीलता का परिचय देते हुए प्रांतीय अधिवेशन के जरिए उनकी मांगों को सरकार के संज्ञान में लाने का काम कर रहा है। इसी कड़ी में शेखावाटी संभाग झुंझुनूं के संयोजक महेश बसावतिया ने पुजारियों की समस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से भाजपा कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से मंदिर माफी की भूमि को दबंगों से मुक्त करवाने के साथ ही पुजारियों को मालिकाना हक दिलवाने, मंदिर के पुजारियों की आर्थिक स्थिति के मध्य नजर उनको हर महीने मानदेय देना, पुजारियों की सुरक्षा को लेकर पुजारी प्रोटेक्शन बिल लाना आदि मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा की। महेश बसावतिया ने विप्र कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन में हो रही देरी को लेकर विप्र समाज में हो रहे आक्रोश को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष को अवगत करवाया। उन्होंने विप्र कल्याण बोर्ड की बागडोर ऐसे महानुभाव को सौंपने की पूरजोर मांग की जो विप्र हितों को सर्वोपरि रखे। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से सरकार के संज्ञान में लाने का आग्रह किया।

# बंडवा में राजकीय बालिका विद्यालय में अध्यापकों के रिक्त पदों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

- 10 दिनों में समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी
- 2021 में विद्यालय हुआ था क्रमोन्नत

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम बंडवा में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 2021 से अध्यापकों के रिक्त पद चल रहे हैं।

गांव के नथू सिंह व कृष्णगोपाल दाधीच ने बताया कि विद्यालय में हिंदी अंग्रेजी गणित विज्ञान संस्कृत सामाजिक विज्ञान के अध्यापक नहीं होने के कारण विद्यालय के बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वर्तमान में 230 बच्चे अध्यनरत है पिछले वर्ष 250 बच्चे थे अध्यापक नहीं होने के कारण बच्चों का और अभिभावकों का जुड़ाव काम हो रहा है उनको अन्य जगह जाना पड़ रहा है बोर्ड की परीक्षा में बच्चों को काफी परेशानी होती है क्योंकि समय पर कोर्स भी पूरा नहीं होता है। बार-बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

विधायक अनिल कुमार शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी पत्र लिखकर अवगत करवाया जा चुका है लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है अगर समय रहते समाधान नहीं किया गया तो सभी ग्राम वासियों की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। 2021 में विद्यालय उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत हुआ था तब से अध्यापकों की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार, विकास शर्मा, नवरंग राम मेघवाल, किशोर सिंह, दौलत सिंह, पवन मेघवाल, गंगाराम सहारण, मदनलाल शर्मा, श्रीराम शर्मा ,शंकर राम नायक, पूनम सिंह, भंवराराम बिस्सू, भूपेंद्र सिंह ,प्रकाश सिंह ,भेरू सिंह शेखावत, केसर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



बंडवा में राजकीय बालिका विद्यालय में अध्यापकों के रिक्त पदों को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकद्मा नम्बर 4/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री गोपाल दास चेला रघुनाथ दास निवासी ग्राम गोल्याणा लोहार्गल, तहसील नवलगढ, जिला झुंझुंनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मंदिर श्री गोपाल जी ट्रस्ट (चैतन दास जी की बगीची) ग्राम गोल्याणा लोहार्गल, तहसील नवलगढ, जिला झुंझुंनू प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 09.10.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर